## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला – 176215

क्रमांकः हि.शि.बो(41)/पु.मु.शाखा/2025 5953 दिनांक 13/08/25

**'अधिसूचना'**

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दिनांक 13.06.2025 को सम्पन्न हुई 120वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या–08 के अन्तर्गत समिति ने विचार विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया है।

**मद संख्या–08** के अन्तर्गत पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता अच्छी रखने हेतु व बोर्ड द्वारा NCERT के साथ हुए करारनामे के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022–2023 के लिए पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु 220 GSM ART Paper क्रय करने हेतु निविदाएं 04–08–2021 को आमंत्रित की गई थी जिसमें केवल 2 निविदाएं प्राप्त होने उपरांत 02–09–2021 को पुनः निविदायें आमन्त्रित की गई थी, जिसमें 3 निविदादाताओं M/s JK Paper Ltd, M/s Century Pulp and paper व M/s Bilt Graphics Ltd. की निविदाएं प्राप्त हुई थी व तकनीकी निविदाओं की जांच करने पर निविदा कमेटी द्वारा M/s Century Pulp and paper की निविदा में कुछ कमी होने पर उस निविदा को अस्वीकृत कर दिया गया था, जिसके उपरांत पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण के समयबद्ध कार्य एंव समय पर विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत दो निविदादाताओं M/s JK Paper Ltd, व M/s Bilt Graphics Ltd. की निविदाओं को स्वीकृत किया गया व कार्य आवंटित किया गया था। बोर्ड ने गौर किया कि निविदाओं के नियमानुसार निविदा आवेदन की पूर्ण प्रक्रिया के उपरांत कम से कम तीन निविदाएं प्राप्त होने पर ही कार्य आवंटित किया जा सकता है, परन्तु 220 GSM ART Paper निविदाओं के लिए वंछित मानदण्डों को पूर्ण करने वाली कागज मिलें देश में बहुत कम होने के कारण तीन से भी कम निविदाएं प्राप्त हो रही है।

अतः माननीय बोर्ड ने विचार– विमर्श उपरांत शैक्षणिक सत्र 2022–2023 की पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु 220 GSM ART Paper के लिए की गई कृत कार्यवाही की कार्योतर स्वीकृती प्रदान करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्त समस्या बारे शिक्षा विभाग के माध्यम से वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार को अवगत करवाया जाऐ व इस तरह के मामलों के निष्पादन हेतु वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार से स्वीकृति प्राप्त कर ली जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

**डा० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**

क्रमांकः हि०शि०बो पु०वि०शा०/–यथोपरि– दिनांकः

उपरोक्त प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 प्रधान सचिव (शिक्षा) हि०प्र०सरकार, शिमला–2।
2 निदेशक, स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1।
3 प्रधान सचिव/सचिव, वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार।
4 विशेष निजी सचिव/निजी सचिव/सहायक सहायक(अध्यक्ष/सचिव) शिक्षा बोर्ड।
5 अतिरिक्त सचिव/समस्त उप/सहायक सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6 समस्त अनुभाग अधिकारी/जिलाप्रबन्धक, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
7 प्रभारी, IT Cell कोअधिसूचना की प्रति बोर्ड की वैबसाइट में अपलोड़ करनेबारे।
8 गार्ड फाईल।

**डा० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**